Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7573	23.07.2023	24.07.2023	Baghpat Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/baghpat/flu-havoc-in-schools-more-than-1500-children-ill-baghpat-news-c-28-1-smrt1010-3459-2023-07-23
Title:	**More than 1500 conjunctivitis cases in Baghpat, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Baghpat, SSU- Uttar Pradesh			

प्राथमिक विद्यालयों में बच्चे आई फ्लू की चपेट में आ गए हैं। हालात यह है कि डेढ़ हजार से ज्यादा बच्चे बीमार है। ऐसा कोई स्कूल नहीं है, जहां आई फ्लू से पीड़ित बच्चा न हो और शिक्षक-शिक्षिकाएं भी आई फ्लू की चपेट में आ रहे हैं।

जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन 532 स्कूल है, जिनमें 335 प्राथमिक है तो 68 उच्च प्राथमिक। जबकि अन्य 103 संविलियन विद्यालय शामिल है। इन स्कूलों में बच्चे बीमारियों की चपेट में आए हुए है। सबसे अधिक बच्चों को इस समय आई फ्लू ने चपेट में लिया हुआ है। माना जा रहा है कि इस समय बारिश के कारण मौसम में बदलाव के कारण यह समस्या बढ़ रही है। लेकिन जिस तरह से स्कूलों में बच्चों के आने पर संक्रमण एक-दूसरे तक पहुंच रहा है, उससे लगातार पीड़ित बढ़ते जा रहे हैं।

स्कूलों में इस तरह बच्चों की हालत खराब

बिनौली के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में 20 बच्चे, रटौल के संविलियन विद्यालय में 30 बच्चे, बागपत के संविलियन विद्यालय नंबर तीन में आठ बच्चे, खेकड़ा के संविलियन विद्यालय नंबर दो में 30 बच्चे, सैड़भर के संविलियन विद्यालय में 12 बच्चे, खेकड़ा के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में दस बच्चे, पांची के संविलियन विद्यालय में दस बच्चे, भैड़ापुर के संविलियन विद्यालय में नौ बच्चे, फतेहपुर पुट्ठी के विद्यालय में आठ, बड़ौत

के पट्टी चौधरान के प्राथमिक विद्यालय में छह बच्चे बीमार है। इनके अलावा कंडेरा, खेकड़ा के संविलियन विद्यालय नंबर दो, लहचौड़ा समेत अन्य गांवों में काफी बच्चे आई फ्लू से पीड़ित हैं।

स्कूलों में इस तरह बच्चे आई फ्लू व अन्य बीमारियों से पीड़ित है तो उसकी जांच कराई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को स्कूलों में जांच के लिए लगाया जाएगा। जिससे वह बच्चों की जांच करके उनका उपचार कर सके। - जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC